वचनों की खर्च न की गई राशि और नए वचनों की राशि के उपयोग में तेजी लाने के लिए कई उपचारात्मक उपाय किए जा रहे हैं, जैसे आयात नीति को उदार बनाना, ब्रिटेन से भारी मात्रा में वस्तुओं की खरीद की पहले से योजना बनाना, उन उपयुक्त बड़ी परियोजनाओं का पता लगाना जिनमें ब्रिटेन के सामान और सेवाओं का लाभप्रद ढंग से उपयोग किया जा सकता हो; आदि ।

लाख के निर्यात से विदेशी मुद्रा की आय

4414. **श्री कड़िया मुंडा** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के लाख के कुल उत्पादन में से कितने प्रतिशत लाख का निर्यात किया जा रहा है; और

(ख) लाख के निर्यात से कितने मूल्य की विदेशी मुद्रा की आय हुई है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मन्त्री (श्री मोहन धारिया) : (क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में कुल उत्पादित लाख में से निर्यात की गई लाख की प्रतिशतता वर्षवार इस प्रकार है :

वर्ष	प्रतिशतता
1974-75.	70 प्रतिशत
1975-76.	85 प्रतिशत
1976-77 (अनन्तिम)	70 प्रतिशत

(प्रतिशतता इस आधार पर आंकी गई है कि कच्ची लाख से 50 प्रतिशत की दर से लाख दाने की उपज तथा लाख दाना से 85 प्रतिशत की दर से चपड़े की उपज होती है) ।

(ख) लाख के निर्यात से गत तीन वर्षों के दौरान अर्जित विदेशी मुद्रा इस प्रकार है :—

वर्ष	मूल्य (करोड़ रु० में)
1974-75.	24.33
1975-76.	12.75
1976-77.	10.48 (अनन्तिम)

नई दिल्ली सुपर बाजार के निदेशक की नियुक्ति के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

4415. **श्री ईश्वर चौधरी** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि नई दिल्ली सुपर बाजार के निदेशक की नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाती है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मन्त्री (श्री मोहन धारिया) : कोआपरेटिव स्टोर लि० (सुपर बाजार), नई दिल्ली की उप-विधियों के अन्तर्गत प्रबन्ध समिति के नौ निदेशक भारत सरकार को नामित करने होते हैं और छः निदेशक सहकारी स्टोर के सदस्यों द्वारा निर्वाचित करने होते हैं ।

Import of Oilseed

4416. SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether Government have taken the decision to import oilseeds in large quantity this year;

(b) if so, the reasons thereof; and

(c) how far this is likely to affect the supply and price position of edible oils in the country and Government's reaction thereon?